प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## संविधान दिवस

आज संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ है। आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। केंद्र सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान को अंगीकार किया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान दिवस के अवसर पर आज दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। इधर प्रदेश में भी अनेक स्थानों पर संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## होटल

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने घाटे में चल रहे राज्य पर्यटन विकास निगम के 18 होटलों को बंद करने के एकल पीठ के आदेशों पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश राकेश कैंथला की डबल बैंच ने सेवानिवृति लाभ देने में हुई देरी से जुड़े मामले पर निगम की अपील पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 3 जनवरी को होगी।

## अटल इनोवेशन

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी प्रमुख पहल अटल इनोवेशन मिशन–एआईएम को 31 मार्च, 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए 2 हजार 7 सौ 50 करोड़ रुपये का बजट आबंटित किया गया है। मिशन के दूसरे चरण का उद्देश्य देश में नवाचार और उद्यमिता के वातावरण को विस्तार, मजबूती व गहराई प्रदान करना है। इस मिशन से सभी क्षेत्रों में बेहतर नौकरियां, नवीन उत्पाद और उच्च प्रभाव वाली सेवाएं उपलब्ध होंगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जम्मू–कश्मीर, उत्तर–पूर्व, आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में 2 हजार 5 सौ नई प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि विकासात्मक कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। शिमला जिले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार के दौरे के दौरान क्वार जाख देवता के प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। लोक निर्माण मंत्री ने डोडरा क्वार क्षेत्र की मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे प्रवृति पर चिंता जताते हुए सरकार की मुहीम में जनसहयोग की जरूरत पर बल दिया।

प्रसार भारती–फ्रीडम प्लान

प्रसार भारती, रेलटेल और प्लेबॉक्स टीवी रेलवायर ब्रॉडबैंड पर फ्रीडम प्लान शुरू करेंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी तथा रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कल नई दिल्ली में इस योजना की शुरूआत की। फ्रीडम प्लान रेलटेल की रिटेल होम इंटरनेट सेवा रेलवायर का ओटीटी होम इंटरनेट प्लान है। यह आम लोगों को किफायती कीमत पर हाई–स्पीड इंटरनेट प्रदान करता है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तापमान में गिरावट के चलते ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य के मैदानी इलाकों में लोगों को घने कोहरे का सामना भी करना पड़ रहा है। प्रदेश में बीते लगभग 2 महीने से वर्षा न होने पर अब सूखे जैसी स्थिति बन गई है। कई स्थानों पर किसानों ने अभी तक रबी की फसल की बुआई नहीं की है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कई क्षेत्रों में 28 नवंबर तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 30 नवंबर से राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व वर्षा की संभावना है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है बंद नहीं होंगे निगम के होटल, छह महीने में देनी होंगी सेवानिवृत कर्मियों की देनदारियां। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे होटल बंद करने के आदेश पर फिलहाल रोक।

प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है गग्गल एयरपोर्ट विस्तारीकरण के मामले में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश।

दैनिक जागरण की एक खबर है महाराष्ट्र चुनाव परिणाम पर बोले सुक्खू, मतपत्र से हों चुनाव। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार संदेह को दूर करने के लिए एक मर्तबा बैलेट पर हों चुनाव।

हिमाचल दस्तक की एक सुर्खी है दिसंबर के तीसरे सप्ताह में होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र।